188

पंजाब केसरी - 30/12/15

# 14 छात्रों को विप्रो कंपनी में मिला रोजगार

धर्मशाला, 29 दिसम्बर (नवीन): राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला के एम.सी.ए. विभाग के 14 छात्रों को व्रिपो कंपनी में रोजगार मिल गया है। मंगलवार को हुई इंटरव्यू प्रक्रिया में 14 छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन कर रोजगार प्राप्त कर लिया है। एम.सी.ए. विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों को रोजगार देने के लिए सोमवार को विप्रो कंपनी धर्मशाला सोमवार को पहुंची थी। को-आर्डीनेटर एम.सी.ए. विभाग डा. एस.के. सोनी ने बताया कि लगभग 60 छात्रों का नामांकन हुआ था। इसके उपरांत ग्रुप डिस्कशन स्पर्धा से लगभग 37 बच्चों का चयन ऑनलाइन रिटन टैस्ट के लिए हुआ था। ऑनलाइन रिटन टैस्ट प्रक्रिया से 17 छात्रों का चयन इंटरव्यू के लिए हुआ था। इसके उपरांत इंटरव्यू प्रक्रिया से गुजरने के बाद विप्रो कंपनी में 14 बच्चों का चयन व्रिपो कंपनी में हो गया है। उन्होंने बताया कि चयनित छात्रों की ट्रेनिंग जनवरी में करवाई जाएगी तथा ट्रेनिंग के दौरान लगभग 2 लाख का पैकेज दिया जाएगा। ट्रेनिंग के बाद उन्हें लगभग 5 लाख का पैकेज दिया जाएगा। इस दौरान राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला के प्राचार्य आर.पी. चोपड़ा तथा को-ऑर्डीनेटर एम.सी.ए. विभाग डा. एस.के. सोनी ने चयनित छात्रों को बधाई दी।



धर्मशाला : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में इंटरव्यू प्रक्रिया से पहले एम.सी.ए.विभाग के छात्र अध्यापकों सहित सामूहिक चित्र में।

## गंदड़ स्कूल में जांचा विद्यार्थियों का भविष्य

जयसिंहपुर, 29 दिसम्बर (स.ह.): राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चलते स्वास्थ्य केंद्र थुरल के तत्वावधान से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंदड़ में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा. रमन व डा. राजीव कटोच ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ ही दवाइयां प्रदान कीं। आयोजन में पैरा मैडीकल स्टाफ की ओर से राकेश, शशि, वीना व अनूप डोगरा द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रियदर्शी अजय ने शिविर के आयोजन के लिए आए हुए स्टाफ का आभार व्यक्त करने के साथ ही छात्रों के लिए लाभदायक बताया।

# दूसरे सप्ताह से शुरू होगी कालेज में पढ़ाई

पंजाब केसरी 3/2/16

धर्मशाला, 2 फरवरी (नवीन): राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला 1 फरवरी से खुल गया है लेकिन 1 सप्ताह तक अभी पढ़ाई पूर्ण रूप से शुरू नहीं हो पाएगी। 7 फरवरी तक कालेज में एडमिशन का इवैल्यूवेशन का कार्य होगा। इवैल्यूवेशन का कार्य पूर्ण होने के बाद ही पढ़ाई संपूर्ण रूप से शुरू होगी। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला प्राचार्य आर.पी. चोपड़ा ने बताया कि कालेज खुलने के बाद पहला सप्ताह जीरो वीक होगा तथा इवैल्यूवेशन का कार्य एक सप्ताह तक चलेगा। उन्होंने बताया कि फरवरी महीने के दूसरे सप्ताह से कालेज में पढ़ाई सुचारू रूप से शुरू होगी।

# धर्मशाला कॉलेज के सात छात्रों का टीसीएस में चयन



धर्मशाला महाविद्यालय के टीसीएस में चयनित बीसीए के विद्यार्थी प्राचार्य प्रो. एसके पाठक के साथ।

धर्मशाला : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला के बीसीए अंतिम वर्ष व गणित विषय के सात छात्रों का टाटा कॉंसिटेंसी सर्विस (टीसीएस) के लिए चयन हुआ है। कॉलेज प्राचार्य प्रो. एसके पाठक व बीसीए समन्वयक एसके अत्री ने बताया कि टीसीएस इग्नाइट कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई चयन प्रक्रिया में बीसीए के नसीर मोहम्मद, गितिका, अवनीत राणा, नीरज शर्मा, गणित के दीप्ति पठानिया, विद्या देवी व सविता देवी का चयन हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

दैनिक जागरण 9/5/16

दैनिक जागरण - 26/5/16



# राजकीय स्नातक महाविद्यालय धर्मशाला

## सूचना

Dated: Wednesday 25 May 2016

राजकीय स्नातक महाविद्यालय धर्मशाला के सत्र 2015-16 के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार 31 मई, 2016, 11.00 बजे प्रात: किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय शहरी और विकास मंत्री श्री सुधीर शर्मा जी मेधावी छात्रों को पुरस्कारों से नवाजेंगे। अत: सभी छात्रों, पुरस्कार विजेताओं तथा अभिभावकों से अनुरोध है कि इस अवसर पर पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

**प्रधानाचार्य**
**राजकीय स्नातक महाविद्यालय**
**धर्मशाला**

दैनिक जागरण
24/06/2016



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में प्राचार्य प्रो. एसके पाठक के नेतृत्व में सफाई करते एनसीसी कैडेट्स।

5 अमर उजाला कांगड़ा धर्मशाला | सोमवार 27 जून 2016

# धर्मशाला कॉलेज में साइंस का क्रेज

### 780 सीटों के लिए 1271 ने भरे फॉर्म, आर्ट्स में 104 सीटें खाली, बिके 5028 प्रोस्पेक्टस

अमर-उजाला
27/06/2016

**पंकेश शर्मा**

**धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में नए सत्र में प्रवेश लेने को विद्यार्थियों का जबरदस्त रुझान देखने को मिला है। दाखिले के अंतिम दिन तक मिले आवेदनों के हिसाब से नई पीढ़ी में साइंस पढ़ने का खासा रुझान है। बीएससी-1 में कुल 780 सीटों पर शनिवार तक 1271 आवेदन मिले। आर्ट्स में 960 सीटों पर महज 856 आवेदकों ने ही दाखिला फॉर्म भरे। लिहाजा कॉलेज में आर्ट्स की 104 सीटें खाली ही रह गई। कॉमर्स में डिग्री लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के भी अच्छे खासे आवेदन मिले हैं। अब तक बीकॉम-1 की कुल 140 सीटों पर 435 ने दाखिल पत्र भरे हैं। बीए-3 में 440, बीएससी-3 में 418 और बीकॉम-3 में कुल 149 ने अप्लाई किया है। बीएससी-5 में 320, बीकॉम-5 में 89 और बीए-5 में 315 ने दाखिला पत्र भरे। कॉलेज में दाखिले के अंतिम दिन शनिवार तक कुल 5028 प्रोस्पेक्टस बिके। प्रिंसिपल एसके पाठक ने बताया कि दाखिला प्रक्रिया को शांतिपूर्वक पूरा किया गया है। 27 जून को मेरिट आधार पर चुने गए छात्र- छात्राओं की लिस्ट नोटिस बोर्ड पर लगा दी जाएगी। उन्होंने बताया की तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के लिए 30 जून तक दाखिला फॉर्म भरे जाएंगे।

(190)

अमर उजाला कांगड़ा

# धर्मशाला में 1166 एडमिशन

## कॉलेज में फीस जमा करने का आज आखिरी दिन, रोल ऑन एडमिशन भी बंद

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला।** डिग्री कॉलेज धर्मशाला में दूसरे दिन तक पहले सत्र के सभी संकायों में कुल 1166 दाखिले लिए गए।

कॉलेज में 28 से 30 जून तक पहले सेमेस्टर के विषयों की एडमिशन फीस ली जा रही है। दूसरे दिन भी शाम साढ़े चार बजे तक दाखिला लेने को विद्यार्थियों की लाइनें लगी रहीं। कॉलेज में रोल ऑन एडमिशन के आधार पर तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के लिए आवेदनों की 30 जून को अंतिम तारीख रखी है। कॉलेज प्राचार्य प्रो. एसके पाठक ने बताया कि पहले सत्र में दाखिला जमा करवाने को 30 जून अंतिम तिथि है। उन्होंने बताया कि तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थी अगर तय तारीख में अगर दाखिला फार्म नहीं भरते तो उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि 30 जून तक दाखिला फीस न जमा कराने पर दूसरी वेटिंग लिस्ट एक जुलाई दोपहर या दो को सुबह लगा दी जाएगी।

अमर उजाला

30/06/2016

# धर्मशाला में 400 ने छोड़ा दाखिला

## मैरिट में जगह पाकर भी एडमिशन में नहीं दिखाई रुचि ; 1820 सीट, 1405 ने जमा की फीस

■ स्टाफ रिपोर्टर,धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के बाद दूसरे सबसे बड़े पीजी कालेज धर्मशाला में बीए, बीकॉम और बीएससी प्रथम सेमेस्टर की कुल 1820 सीटों को मात्र 1405 ने ही फीस जमा करवाई है। जबकि मैरिट में चयनित 400 छात्रों ने कालेज में दाखिला प्राप्त करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। रूसा सिस्टम लागू होने के बाद कालेज में एडमिशन को लेकर खूब भागदौड़ लगी रहती है, जबकि धर्मशाला कालेजों में 400 छात्रों को दाखिला मिलने के बावजूद एडमिशन न लेने से कई सवाल उठ रहे हैं। अब रिक्त सीटों को भरने के लिए वेटिंग में चल रहे छात्रों और गुरुवार को आवेदनं करने वाले छात्रों को धर्मशाला कालेज में दूसरी मैरिट लिस्ट जारी की जाएगी। पीजी कालेज धर्मशाला में बीए, बीएससी और बीकॉम के प्रथम सेमेस्टर की कुल 1820 सीटों के लिए गुरुवार को अंतिम दिन 1405 उम्मीदवारों ने दाखिला लेने के लिए फीस जमा करवाई। धर्मशाला की कुल 1820 सीटों में दाखिले के लिए 2550 उम्मीदवारों ने आवदेन किया था। इनमें 730 युवाओं को बिना दाखिले के मायूस होकर वेटिंग में अपनी बारी का इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। बीएससी प्रथम समेस्टर में 780 सीटों में से 621 में दाखिला हुआ, आर्ट्स की 840 सीटों में से 627 का दाखिला हुआ और कॉमर्स की 200 सीटों के लिए मात्र 157 ने ही दाखिला प्राप्त करने को फीस डिपोजिट करवाई है। 400 छात्रों ने धर्मशाला कालेज में दाखिले से पलटी मार ली है। अब कालेज प्रशासन द्वारा रिक्त सीटों के लिए वेटिंग छात्रों और गुरुवार को अंतिम दिन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की कट लिस्ट शुक्रवार को जारी की जाएगी। उधर पीजी कालेज धर्मशाला के प्राचार्य प्रो. एसके पाठक ने बताया कि धर्मशाला कालेज में पहली मैरिट सूची जारी होने के बाद 1405 उम्मीदवारों ने दाखिला प्राप्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि रिक्त सीटों के लिए वेटिंग और आवेदन भरने वाले उम्मीदवारों की कट लिस्ट शुक्रवार को जारी की जाएगी।

### ■ वेटिंग में शामिल छात्रों को मिलेगा मौका

### 50 नए आवेदन भी पंहुचे

**धर्मशाला** कालेज में मैरिट के लिए 730 छात्र वेटिगं लिस्ट में अपनी बारी का इंतजार कर रह हैं। तो वहीं विवि द्वारा 30 जून को प्रदान किए गए अंतिम मौके में बीएससी में 10, बीकॉम में 10 और आर्ट्स में 30 नए उम्मीदवारों ने भी आवेदन किए हैं। अब उक्त 780 छात्रों में से 400 रिक्त सीटों को आबंटन किया जाएगा।

दिव्य हिमाचल 01/07/2016

191

अमर-उजाला

# धर्मशाला महाविद्यालय में 254 सीटें रह गईं खाली

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला। शैक्षणिक सत्र 2016-17 में प्रवेश के लिए धर्मशाला कॉलेज में सभी विषयों में कुल 1566 दाखिले हुए। एचपीयू द्वारा 30 जून तक पहली मेरिट में शामिल रहे विद्यार्थियों को फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। पहली तारीख को धर्मशाला कॉलेज में दूसरी मेरिट लिस्ट लगाई गई। धर्मशाला कॉलेज में बीए, बीएससी, बीकॉम में पहले सत्र की कुल 1820 सीटें हैं। कॉलेज प्राचार्य प्रो. एसके पाठक ने बताया कि दो जुलाई तक दूसरी मेरिट लिस्ट में शामिल विद्यार्थियों को फीस जमा करवाने का समय दिया गया जिसमें 1566 ने ही दाखिला लिया। प्राचार्य का कहना है कि शेष बची सीटों पर एचपीयू को सरकार की मंजूरी मिलने पर ही भरा जाएगा।

इस बार के सत्र में दूसरी मेरिट में ही 52 दाखिले कॉलेज को अधिक मिले हैं। वहीं कॉलेज के तीसरे और पांचवे सत्र के अध्ययनरत विद्यार्थियों को कॉलेज द्वारा 8 जुलाई तक दाखिला लेने का समय दिया गया है। प्राचार्य ने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

दिव्य-हिमाचल 12/7/16

...। इसके साथ-साथ ... ने भी बनेर खड्ड ... अंधाधुंध आवाजाही ...नघाट के रास्ते की ...की शिकायत हरिपुर ...करवाई है हरिपुर, ...रियां, में खनन पर ... चलते पंचायतों में ... कार्य भी ठप हो ...न के प्रधान नरदीप अनिल व बलवीर है कि वे एम-फार्म ...। बशर्ते सरकार इन ...

# ...टों को 1192 आवेदन

## ...मैरिट लिस्ट, साइंस में सबसे ज्यादा पहुंचे 673 आवेदन

...है। धर्मशाला कालेज में 254 ... सीटों के लिए सोमवार तक ...2 आवेदन पहुंच चुके हैं। उक्त ...ों को मैरिट में कट ऑफ लिस्ट ...आधार पर ही एडमिशन प्रदान ... जाएगी। धर्मशाला में मंगलवार को दोपहर बाद अंतिम तीसरी मैरिट लिस्ट जारी कर दी जाएगी। साइंस में सबसे ज्यादा 673 आवेदन पहुंचे हैं। धर्मशाला में पिछले शैक्षणिक सत्र में तीन बार मैरिट लिस्ट जारी होने के बावजूद 1514 छात्रों ने दाखिला प्राप्त किया था। इस वर्ष मात्र दो बार मैरिट लिस्ट जारी होने पर भी 1566 छात्र अब तक दाखिला प्राप्त कर चुके हैं। इसके अलावा मात्र 254 सीटों के लिए अब 1192 आवेदन पहुंच चुके हैं। आर्ट्स विषय में 117



वेटिंग और 278 नए आवेदन पहुंचे हैं, कुल मिलाकर 319 दाखिले का इंतजार कर रहे हैं। साइंस में 449 वेटिंग में, 224 नए आवेदन कुल मिलाकर 673 इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा कॉमर्स में कुल मिलाकर 200 के करीब छात्र एडमिशन के लिए मैरिट लिस्ट का इंतजार कर रहे हैं। कालेज प्राचार्य प्रो. एसके पाठक ने बताया कि धर्मशाला कालेज में रिक्त सीटों के लिए मैरिट सूची मंगलवार को जारी की जाएगी।

धर्मशाला | मंगलवार | 5 जुलाई 2016

अमर-उजाला

# दाखिला तिथि बढ़ाने के लिए कुलपति को भेजा ज्ञापन



धर्मशाला। एबीवीपी धर्मशाला कॉलेज इकाई ने प्राचार्य प्रो. एसके पाठक के माध्यम से एचपीयू वीसी एडीएन वाजपेयी को दाखिला तिथि बढ़ाने को लेकर ज्ञापन भेजा। इकाई अध्यक्ष अमित ठाकुर का कहना है कि पहले सत्र में दाखिले को कॉलेजों में पहली जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट लगाई गई। इस मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थियों को चार जुलाई तक फीस जमा कराने का समय दिया गया। लेकिन बीच में एचपीयू प्रशासन ने दाखिलों पर प्रतिबंध लगा दिया। ऐसे में फीस जमा कराने को लेकर धर्मशाला समेत दूसरे कॉलेजों में दूरदराज क्षेत्रों से पहुंचे विद्यार्थियों को दाखिले से बाहर होना पड़ा है। विद्यार्थी परिषद नेताओं का कहना है कि दाखिला न मिलने से प्रभावित छात्र-छात्राओं का साल बर्बाद होने की पूरी संभावना बन चुकी है। विद्यार्थी परिषद ने एचपीयू प्रबंधन से दाखिला तिथि बढ़ाने की मांग की है। कहा कि मांग पूरी न की तो आंदोलन किया जाएगा। एबीवीपी जिला संयोजक अर्जुन आनंद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। ब्यूरो

# ए ग्रेड कॉलेज धर्मशाला में 1799 दाखिले

धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के 2016-17 शैक्षणिक सत्र में कुल 1799 विद्यार्थियों ने पहले सत्र में दाखिला लिया। जबकि पूर्व वर्ष में महज 1515 छात्र-छात्राओं ने एडमिशन ली थी। कॉलेज में नए अकादमिक सत्र में साइंस एवं कामर्स में मौजूद सभी सीटें भर चुकी हैं। वहीं आर्ट्स के कामर्सियल आर्ट्स, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल, वोकल और पेंटिंग विषयों में कुछेक सीटें रिक्त हैं। इसके अलावा तीसरे सेमेस्टर में 1305 और पांचवें में कुल 993 दाखिले हुए। कॉलेज प्राचार्य प्रो. एसके पाठक ने बताया कि हाल ही में ही कॉलेज को मिला नैक ए ग्रेड, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर और टीचिंग स्टाफ के चलते दाखिले अधिक हुए हैं।

अमर-उजाला 15/07/2016

192

17-08-2016 दैनिक जागरण




## चुनाव कल

धर्मशाला – प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े महाविद्यालय धर्मशाला की पीटीए का गठन रविवार 21 अगस्त को किया जाएगा। प्राचार्य एसके पाठक ने छात्रों के अभिभावकों से निवेदन किया है कि वह कालेज पहुंच कर अपना सहयोग दें।

शाला : 01892-222292, व्हाट्स ऐप

24-8-2016 'अमर उजाला'



आजादी-70 वर्ष याद करो कुर्बानी कार्यक्रम में डिग्री कॉलेज धर्मशाला में एक साथ राष्ट्रगान करते विद्यार्थी एवं स्टाफ के सदस्य।

न्यूज डायरी

## धर्मशाला कॉलेज में सैकड़ों छात्रों ने एक साथ किया राष्ट्रगान

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज धर्मशाला में आजादी-70 साल जरा याद करो कुर्बानी कार्यक्रम के तहत सैकड़ो विद्यार्थियों ने एक साथ राष्ट्रगान गाया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. एसके पाठक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं। मंगलवार को कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

अमर - उजाला
07/09/2016

# धर्मशाला महाविद्यालय में खेलकूद स्पर्धा में प्रतिभागियों ने बहाया पसीना

अमर उजाला ब्यूरो

**100 मीटर दौड़ में मुकुल और कामिनी ने मारी बाजी**

**शॉटपुट में विशाल पहले, अजय दूसरे स्थान पर रहे**

**धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 16 से ज्यादा खेल प्रतिस्पर्धाएं करवाई गईं। सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. एलएम शर्मा ने मुख्यातिथि शिरकत की।

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में अजित प्रथम, साहिल शर्मा द्वितीय और विजय भारद्वाज तृतीय रहे।

महिला वर्ग में हिना और मनीषा क्रमशः प्रथम और दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में मुकुल ठाकुर पहले, सुरेश दूसरे और अविनंदन तीसरे, महिला वर्ग में कामिनी पहले, मनीषा दूसरे और ज्योति तीसरे स्थान पर रही। ऊंची कूद में शुभम पहले, अजय दूसरे और आकाश पंडित तीसरे तथा महिला वर्ग में कृष्णा ज्योति पहले, कुमारी गोपी दूसरे और कनिका शर्मा तीसरे स्थान पर रही। शॉटपुट में विशाल ठाकुर पहले, अजय नेगी दूसरे और शुभम तीसरे स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में मनीषा पहले, गार्गी दूसरे और हीना तीसरे, पुरुषों में मोहित कुमार पहले, नागेंद्र दूसरे और राहुल कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

महिला लांग जंप में मनीषा कुमारी पहले, दीक्षा ठाकुर दूसरे और कुमारी गोपी तीसरे, 400 मीटर दौड़ में मुकुल पहले, अक्षय दूसरे, अविनंदन तीसरे, जबकि महिलाओं में गार्गी शर्मा पहले, मनीषा ठाकुर दूसरे और हीना तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की रिले दौड़ में सुरेश, अविनंदन, मुकुल और अक्षय की टीम पहले, पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में सुरेश, अजय और शुभम जीते। सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. एलएम शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसके पाठक सहित स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



डिग्री कॉलेज धर्मशाला में आयोजित वार्षिक एथलेटिक्स मीट में विजेता प्रतिभागी मुख्यातिथि पूर्व प्राचार्य एलएम शर्मा के साथ। अमर उजाला

दिव्य - हिमाचल
07/09/2016

# धर्मशाला डिग्री कालेज में खिलाड़ियों ने मनवाया प्रतिभा का लोहा

सिटी रिपोर्टर, धर्मशाला

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में मंगलवार को शैक्षणिक सत्र 2016-17 के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे लगभग 100 प्रतिभागियों ने 16 से ज्यादा खेलों में अपना जौहर दिखाया।

सुबह के सत्र में सेवानिवृत्त प्राचार्य डा.एमएल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रतियोगिता का शुभारंभ पुरुषों की 1500 मीटर की दौड़ से किया। इसमे अजित ने पहला, साहिल ने दूसरा, तथा विजय भारद्वाज ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में हिना और मनीषा दूसरे स्थान पर रही। वहीं पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मुकुल ठाकुर ने पहला, सुरेश ने दूसरा और अविनंदन ने तीसरा स्थान हासिल किया। 100 मीटर महिला वर्ग में कामिनी ने पहला, मनीषा ने दूसरा और ज्योति तीसरे स्थान पर रही। इसके साथ ही ऊंची कूद में शुभम ने पहला, अजय ने दूसरा और आकाश पंडित ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिला श्रेणी में कृष्णा ज्योति ने पहला, गोपी ने दूसरा तथा कनिका शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट में विशाल ठाकुर ने पहला, अजय नेगी ने दूसरा और शुभम ने तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में सुरेश ने पहला, अजय ने दूसरा और शुभम ने तीसरा स्थान हासिल किया।



समापन सत्र में मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डा. एलएम शर्मा ने विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य एसके पाठक और अन्य अध्यापक व कालेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अमर-उजाला 08/09/2016

# धर्मशाला कॉलेज में रुचिका उपाध्यक्ष, तमन्ना सचिव

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला/खुंडियां।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में बुधवार को सीएससीए का गठन किया गया।

एचपीयू के निर्देशानुसार मनोनयन आधार पर अप्रत्यक्ष तौर पर चुने गए छात्रों में बीबीए तीसरे सत्र के नवदीप वर्मा को अध्यक्ष, बीएससी तीसरे सेमेस्टर में जूलॉजी मेजर छात्रा रुचिका उपाध्यक्ष, बीकॉम पहले सेमेस्टर की छात्रा तमन्ना कौशल सचिव और बीएससी मेजर केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर के नीरज राणा को संयुक्त सचिव चुना गया है। अकादमिक और अन्य गतिविधियों समेत जनरल हाउस में भी विभिन्न छात्रों को चयनित किया गया है। इस दौरान सलाहकार समिति में कॉलेज प्रोफेसर सपना बंटा, प्रो. इंदु शर्मा, डॉ. चारू शर्मा, प्रो. शुभ्रा गुप्ता और डा. केएस अत्री शामिल रहे। उधर, राजकीय महाविद्यालय खुंडियां में हिप्र विश्वविद्यालय की अधिसूचना के अनुसार छटनी उपरांत पात्रता के आधार पर केंद्रीय छात्र परिषद के सदस्य मनोनीत कर दिए गए हैं। सत्र 2016-17 के लिए केंद्रीय छात्र परिषद के सदस्य इस प्रकार रहे। प्रियंका अध्यक्ष, ज्योतिबाला उपाध्यक्ष, शिवालिका सचिव, ज्योति राणा कक्षा प्रतिनिधि बीए तृतीय शालू राणा, कविता कुमारी, आशीष कुमार कक्षा प्रतिनिधि क्रमशः बीए तृतीय, बीकाम प्रथम, बीए प्रथम, बीएससी प्रथम रविदास सदस्य ऋतु राय, संजीवना सदस्य और रमण कुमार, मनीष कुमार, सदस्य क्रीड़ा संबंधी गतिविधियां और नेहा कुमारी को साहित्यिक क्लब के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। यह जानकारी प्राचार्य आरएस पटियाल ने दी।

अमर-उजाला 08/09/2016



पांगी में आयोजित अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता की विजेता टीम आयोजकों के साथ। अमर उजाला

# धर्मशाला कॉलेज ने जीती इंटर कॉलेज शतरंज प्रतियोगिता

**पांगी (चंबा)।** राजकीय महाविद्यालय पांगी में 45वीं अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ. चमन लाल सांख्यान प्राचार्य अर्की महाविद्यालय रहे। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के सोलह कॉलेजों से आए शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की टीम पहले स्थान पर रही। दूसरा स्थान हिमाचल प्रदेश पीजी सेंटर शिमला ने झटका। इस अवसर कॉलेज के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए।

अमर-उजाला 21/09/2016

# धर्मशाला कॉलेज में जुटेंगी प्रदेश की 35 टीमें



**धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में 24 से 27 सितंबर तक अंतर महाविद्यालय फुटबाल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। कॉलेज प्राचार्य एसके पाठक ने बताया कि चैंपियनशिप में प्रदेश भर के विभिन्न कॉलेजों की करीब 35 टीमें भाग ले रही हैं। कॉलेज के शारीरिक शिक्षा के प्रो. डॉ. नरेश मनकोटिया ने बताया कि चैंपियनशिप से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। खिलाड़ियों के ठहरने और खाने की व्यवस्था कालेज में ही की गई है। खिलाड़ियों के साथ आए इंचार्ज के ठहरने के लिए भिन-भिन विभागों के विश्राम गृहों में की गई है।

अमर-उजाला 08/09/2016

# बीएससी की प्रैक्टिकल परीक्षाएं आज से

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में बीएससी तृतीय वर्ष (ओल्ड पैटर्न) के प्रैक्टिकल 8 से लेकर 15 सितंबर तक लिए जाएंगे। कॉलेज प्राचार्य एसके पाठक ने बताया कि 8 सितंबर को जियोलॉजी ( भू विज्ञान) 9 को रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री), 10 सितंबर को भौतिकी (फिजिक्स), 14 सितंबर को गणित, 14 सितंबर को प्राणी विज्ञान (जूलॉजी) और 15 सितंबर को बॉटनी की प्रैक्टिकल परीक्षा ली जाएगी। वहीं बीए मनोविज्ञान (साइकोलॉजी, पुराने पैटर्न) और म्यूजिक (संगीत) विषय के प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष के प्रैक्टिकल 10 सितंबर को 10 से लेकर 1 बजे तक लिए जाएंगे, जबकि जियोग्राफी विषय के 9 सितंबर 2016 को, वहीं वाणिज्य (कॉमर्स) विषय के प्रैक्टिकल दिनांक 13 सितंबर को तय किए गए हैं। ब्यूरो

पंजाब-केसरी
24/9/2016

## धर्मशाला कालेज में इंटर कालेज फुटबाल टूर्नामेंट आज से

धर्मशाला, 23 सितम्बर (नवीन): राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में शनिवार से इंटर कालेज फुटबाल टूर्नामेंट आरंभ हो जाएगा। शुक्रवार को प्रदेश भर से लगभग 700 खिलाड़ी धर्मशाला पहुंच गए हैं। टूर्नामेंट में प्रदेश के 35 कालेजों की फुटबाल टीमें भाग ले रही हैं। शनिवार सुबह 7 बजे से मैच आरंभ हो जाएंगे। हालांकि उद्घाटन समारोह करीब 11 बजे होगा। प्रिंसीपल एस.के. पाठक ने बताया कि टूर्नामेंट के शुभारंभ में सेवानिवृत्त प्रो. मोहिंद्र विज और प्रो. संजीवन विज बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए वाली टीमों के खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था कालेज के विभिन्न ब्लाकों में कर ली गई है। वहीं 27 सितम्बर को समापन समारोह में नगर निगम धर्मशाला की महापौर रजनी व उपमहापौर देवेंद्र जग्गी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

अमर-उजाला 25/09/2016



# मेजबान धर्मशाला का जीत से आगाज

## इंटर कॉलेज फुटबाल प्रतियोगिता में शाहपुर को 5-0 से हराया




अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला।

डिग्री कॉलेज धर्मशाला में शुरू हुई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की इंटर कॉलेज फुटबाल चैंपियनशिप में मेजबान टीम ने पहले ही मैच में एक तरफा मुकाबले में शाहपुर कॉलेज को हराकर जीत के साथ सफर शुरू किया। प्रतियोगिता में धर्मशाला कॉलेज की टीम ने शाहपुर को 5-0 से हराया। चैंपियनशिप के पहले दिन कुल छह मैच खेले गए। इससे पूर्व अंतर महाविद्यालय फुटबाल चैंपियनशिप 2016-17 का शुभारंभ सेवानिवृत्त प्रोफेसर महिंद्र बिज और प्रो. संजीवन बिज ने किया। धर्मशाला कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसके पाठक ने बताया कि चैंपियनशिप में प्रदेश भर के 32 महाविद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं। इसमें करीब 512 खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। चैंपियनशिप का पहला मैच राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर और राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के बीच हुआ। इसमें हमीरपुर ने बिलासपुर को एक शून्य से हराया। दूसरा मैच अंब और दौलतपुर चौक कॉलेज के बीच होना था, लेकिन दौलतपुर चौक महाविद्यालय का एक खिलाड़ी अयोग्य घोषित होने से मैच रद्द हो गया। इससे अंब कॉलेज को विजयी घोषित कर दिया गया।

### अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता में खेले गए पांच मैच

दिव्य-हिमाचल 25/09/2016



धर्मशाला : शनिवार को स्थानीय कालेज में अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता में मुख्यातिथि का स्वागत करते प्राचार्य एसके पाठक व अध्यापक

196

# धर्मशाला में इंटर कॉलेज फुटबाल प्रतियोगिता का समापन कल

अमर उजाला
27-09-2016

**धर्मशाला।** डिग्री कॉलेज धर्मशाला में विश्वविद्यालय की आरे से प्रायोजित अंतर कॉलेज फुटबाल चैंपियनशिप का समापन 28 सितंबर को सायं तीन बजे होगा। कॉलेज के प्राचार्य एसके पाठक ने कहा कि बारिश की वजह से विभिन्न महाविद्यालयों के बीच तय फुटबाल मुकाबले निर्धारित समय पर नहीं करवाए जा सके हैं। ऐसे में चैंपियनशिप के लिए विश्वविद्यालय की ओर से तैनात पर्यवेक्षकों, विभिन्न कॉलेज फुटबाल टीमों के इंचार्जों और कॉलेज में चैंपियनशिप के लिए गठित विभिन्न समितियों से बैठक करने के बाद खिलाड़ियों के हक में यह फैसला लिया गया है। ब्यूरो



धर्मशाला महाविद्यालय में इंटर कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता के शुरू होने पर दोनों टीमों के खिलाड़ी मुख्य अतिथि प्रो. मोहिंद्र विज के साथ।

दैनिक जागरण
27-09-2016

- **धर्मशाला महाविद्यालय में इंटर कॉलेज मुकाबले शुरू**
- **प्रदेशभर के 32 कॉलेजों के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा**

संवाद सहयोगी, **धर्मशाला :** मेजबान टीम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला ने पहले दिन एक आसान मुकाबले में शाहपुर को एकतरफा मुकाबले में पांच शून्य से मात देते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। धर्मशाला कॉलेज में शनिवार को इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हुआ।

सेवानिवृत्त प्रो. मोहिंद्र विज व प्रो. संजीवन विज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कॉलेज प्राचार्य प्रो. एसके पाठक ने बताया कि टूर्नामेंट में प्रदेश के 32 कॉलेजों के करीब 512 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पहला मुकाबला बिलासपुर बनाम हमीरपुर कॉलेज के बीच खेला गया। इसमें हमीरपुर ने बिलासपुर को 1-0 से मात दी। दूसरा मैच धर्मशाला बनाम शाहपुर में हुआ, जिसमें धर्मशाला ने शाहपुर को 5-0 से मात दी, तीसरा मुकाबला भटोली बनाम पांवटा साहिब के बीच हुआ, जिसमें भटोली ने पावंटा साहिब को 1-0 से हराया। दिन का अंतिम मैच रामपुर कॉलेज बनाम लीगल स्टडी शिमला के बीच हुआ। मुकाबले में लीगल स्टडी शिमला ने रामपुर को 4-1 से हराया। टूर्नामेंट के दूसरे दिन रविवार को पहले व दूसरे दौर में मुकाबले होंगे।

दैनिक जागरण 27-09-2016

# नाहन को हराकर धर्मशाला कॉलेज क्वार्टर फाइनल में

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : नाहन को हराकर धर्मशाला कॉलेज अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है। धर्मशाला कॉलेज में खेली जा रही अंतर महाविद्यालय फुटबॉल चैंपियनशिप के तीसरे दिन सोमवार को 10 मैच खेले गए। लीग मैच में मंडी कॉलेज ने नादौन कॉलेज को तीन-एक से हराया। पहला प्री क्वार्टर फाइनल सीमा कॉलेज और सुंदरनगर के बीच खेला गया। इसमें सीमा कॉलेज 2-1 से जीता। दूसरे प्री-क्वार्टर फाइनल में शिमला ने पेनालिटी शूट में हमीरपुर को 3-0 से हराया। अम्ब और कोटसेरा (शिमला) के मैच में कोटसेरा विजयी रहा। मेजबान धर्मशाला कॉलेज की टीम ने नाहन को पांच-शून्य से हराया और पालमपुर कॉलेज भटौली से 1-2 से हार गया। मंडी और संजौली कॉलेज में हुए मुकाबले में जीत दर्ज कर संजौली क्वार्टर फाइनल में पहुंचा। ऊना और ठियोग कॉलेज के बीच हुए मैच में ऊना ने 5-0 जीत दर्ज की। कोटसेरा कॉलेज और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में से एचपीयू फाइनल में पहुंचा। इस अवसर धर्मशाला कॉलेज के प्राचार्य एसके पाठक, डॉ. प्रमोद पटियाल, डॉ. रघुवीर बरसोला, प्रो. जनेश जोशी, प्रो. रविंदर सिंह गिल, डॉ. अरविन्द, अजय चौधरी, नरेश मनकोटिया, प्रो. जितेंद्र, प्रो. ओम प्रकाश कपूर, डॉ. ध्यान सिंह, एलआर. नेगी विशेष रूप से मौजूद रहे।



धर्मशाला में इंटर कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता में भिड़ते खिलाड़ी।

अमर उजाला 27-09-2016

# एमबीए परीक्षा में छाईं छात्राएं



धर्मशाला। डिग्री कॉलेज धर्मशाला में एमबीए विभाग की छात्राओं ने एचपीटीयू हमीरपुर की ओर से आयोजित चौथे सत्र की परीक्षा में प्रथम टॉप टेन में तीन स्थान हासिल किए हैं। नेहा ने 80 प्रतिशत अंक लेकर मैरिट में जगह बनाई। शिल्पा और शिलाखा शर्मा ने क्रमशः 78 और 77 प्रतिशत अंक हासिल किए। एमबीए विभाग के समन्वयक अजय चौधरी ने बताया कि छात्रों की कठिन परिश्रम का फल है। प्राचार्य एसके पाठक ने छात्रों को बधाई दी है।

दैनिक जागरण 28-09-2016



## जीत की खातिर

धर्मशाला महाविद्यालय में मंगलवार को इंटर कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान गोल के लिए मशक्कत करते खिलाड़ी। मोहिंद्र सिंह

दिव्य हिमाचल - 28-9-2016

# धर्मशाला सेमीफाइनल में

- इंटर कालेज फुटबाल चैंपियनशिप का चौथा दिन
- ऊना की टीम ने अंब, शिमला ने हराया संजौली कालेज
- सीमा कालेज की पेनल्टी शूटआउट से भटौली पर जीत

■ सिटी रिपोर्टर, धर्मशाला

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में इंटर कालेज फुटबाल चैंपियनशिप में चौथे दिन मंगलवार को मेजबान धर्मशाला, यूआईआईटी शिमला, ऊना और सीमा कालेज की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में पहला मैच यूआईआईटी शिमला और संजौली कालेज के बीच हुआ, जिसमें यूआईआईटी शिमला ने संजौली कालेज पर 2-1 से जीत दर्ज की। दूसरे क्वार्टर फाइनल में अंब कालेज और ऊना कालेज के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच में जीत व हार का फैसला पेनल्टी शूटआउट में हुआ, जिसमें ऊना कालेज ने 4-3 के स्कोर के साथ ऊना कालेज विजयी रहा। प्रतियोगिता के तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में मेजबान धर्मशाला कालेज से मुकाबला करने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम उतरी, जिसमें धर्मशाला कालेज ने 3-0 के स्कोर कर जीत दर्ज की। आखिरी क्वार्टर फाइनल सीमा कालेज और भटौली कालेज के बीच में खेला गया, जिसमें सीमा कालेज ने पेनल्टी शूटआउट के जरिए 4-3 से जीत हालिस की। इस मौके पर धर्मशाला कालेज के प्राचार्य एसके पाठक, प्रो. नरेश मनकोटिया, डा. संजय गुप्ता, महिंदर पाल, सपना बंटा, रंजीत ठाकुर, डा. प्रदीप सिंह, डा. ध्यान सिंह व एलआर नेगी विशेष रूप से मौजूद रहे।




धर्मशाला : मैदान पर कीचड़ के बीच गोल के लिए जद्दोजहद

(198) दैनिक - भास्कर 29/09/2016



## उपस्थिति

धर्मशाला कॉलेज में बुधवार को इंटर कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान धर्मशाला और ऊना के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। इस अवसर पर दर्शकों ने खिलाड़ियों का खूब उत्साहवर्धन किया।

दैनिक - जागरण 29/09/2016

# धर्मशाला कॉलेज बना चैंपियन



धर्मशाला में अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता रही धर्मशाला कॉलेज की टीम के साथ मुख्य अतिथि नगर निगम की महापौर रजनी।

**संवाद सहयोगी, धर्मशाला** : धर्मशाला कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट में धर्मशाला ने ऊना को 1-0 से मात देकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। चैंपियनशिप में यूआइआइटी शिमला तीसरे स्थान पर रही। समापन पर नगर निगम धर्मशाला की महापौर रजनी कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। एमसी के उपमहापौर देवेंद्र जग्गी भी इस मौके पर मौजूद रहे।

इससे पहले हुए सेमीफाइनल मुकाबलों में धर्मशाला की टीम ने यूआइआइटी शिमला को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टीम के सौरभ ने मैच के 16वें, [illegible] किया। [illegible] को 2-1 से हराकर फाइनल में पहुंची। ऊना की टीम से गौरव ने चौथे और रजत ने 31वें मिनट में गोल दागे, जबकि सीमा कॉलेज के भोपाल ने 23वें मिनट में गोल किया। तीसरे स्थान के लिए सीमा और यूआइआइटी के बीच खेले गए मैच के दौरान निर्धारित समय में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई।

निर्धारित समय में दोनों टीमों का स्कोर 0.0 रहा। इस कारण मैच का परिणाम पेनेल्टी कॉर्नर से हुआ और यूआइआइटी शिमला ने सीमा कॉलेज को 6-5 से हराया। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य के प्रो. एसके पाठक, डीपीई नरेश मनकोटिया, डॉ. संजय गुप्ता, महिंद्र पाल, सपना बंटा, रंजीत ठाकुर डॉ. ध्यान सिंह, प्रो. प्रमोद पटियाल व [illegible] लेख[illegible]

पंजाब केसरी — पंजाब - केसरी - 29/09/2016 — हिमाचल









धर्मशाला : मैच का लुत्फ उठाते धर्मशाला कालेज के विद्यार्थी तथा (नीचे) फुटबाल मैच के दौरान तीसरे नम्बर के लिए आपस में भिड़ते यू.आई.आई.टी. कालेज शिमला व सीमा कालेज रोहडू की टीम के खिलाड़ी व (दाएं) फाइनल में भिड़ते धर्मशाला व ऊना के खिलाड़ी। (विशाल)

पंजाब-केसरी - 29/09/2016



# धर्मशाला बना इंटर कालेज फुटबाल में चैम्पियन

## ऊना उपविजेता व शिमला तीसरे नम्बर पर

धर्मशाला, 28 सितम्बर (नवीन): इंटर कालेज फुटबाल प्रतियोगिता का खिताब धर्मशाला कालेज ने जीत लिया है। बुधवार को फाइनल मुकाबले में धर्मशाला कालेज ने ऊना कालेज को 1-0 से हरा दिया। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में चली अंतर महाविद्यालय फुटबाल चैम्पियनशिप का बुधवार को समापन हो गया। समापन समारोह में नगर निगम महापौर रजनी व्यास तथा उपमहापौर देवेंद्र जग्गी विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे। मुख्यातिथि ने विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इससे पहले प्रतियोगिता के सैमीफाइनल मुकाबले करवाए गए। पहला मैच धर्मशाला तथा यू.आई.आई.आई.टी. शिमला के बीच खेला गया। इस मैच में धर्मशाला ने यू.आई.आई.आई.टी. शिमला को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सैमीफाइनल मैच सीमा कालेज तथा ऊना कालेज के बीच हुआ। इस मैच में ऊना कालेज ने सीमा कालेज को 2-1 से हरा कर फाइनल में जगह बनाई।

प्रतियोगिता में तीसरे स्थान प्राप्त करने के लिए सीमा कालेज तथा यू.आई.आई.टी. शिमला के बीच मैच काफी रोमांचक रहा। इस मैच का फैसला पनैल्टी शूट के द्वारा हुआ। पनैल्टी शूट में यू.आई.आई.टी. शिमला ने सीमा कालेज को 6-5 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर धर्मशाला कालेज के प्राचार्य एस.के. पाठक, प्रो. नरेश मनकोटिया, डा. संजय गुप्ता, महिंद्र पाल, सपना बंटा, रंजीत ठाकुर, डा. प्रदीप सिंह, डा. ध्यान सिंह, एल.आर. नेगी, डा. चारु शर्मा, डा. अनिल खट्टा, डा. सुनील धर, डा. जिनेश जोशी, डा. के.एस. अत्री, डा. अजय चौधरी व डा. ध्यान चंद सहित कई टीम ऑफिसियल भी मौजूद रहे।



धर्मशाला : राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में राज्य स्तरीय इंटर कालेज फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में विजेता डिग्री कालेज धर्मशाला की टीम ट्राफी के साथ। (विशन)

दिव्य हिमाचल 29/9/2016

# धर्मशाला ने चूमी फुटबाल ट्रॉफी



...शाला : चैंपियन धर्मशाला की टीम मुख्यातिथि के साथ संयुक्त चित्र में

नितिन राव, धर्मशाला

...र कालेज फुटबाल ...पियनशिप में मेजबान ...शाला कालेज की टीम ने ...तरीन खेल दिखाकर ट्रॉफी ...पने नाम की। बुधवार को ...शाला और ऊना कालेज के ...च फाइनल मुकाबला खेला ... और खिलाड़ियों ने कीचड़ ... परवाह किए बिना बेहतरीन ...ल पेश किया। पिछले साल भी ...इनल मुकाबला धर्मशाला ...र ऊना कालेज के बीच खेला ...ा था, जिसमें ऊना कालेज ...जयी रहा था, लेकिन इस बार

**इंटर कालेज चैंपियनशिप में ऊना को 1-0 से हराकर मेजबान चैंपियन**

धर्मशाला ने 1-0 से मैच अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्यातिथि नगर निगम धर्मशाला मेयर रजनी व्यास ने शिरकत की, जबकि नगर निगम डिप्टी मेयर देवेंद्र जग्गी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, स्डन डेथ पर पेनल्टी शूटआउट में 6-5 स्कोर से यूआईआईटी शिमला ने सीमा कालेज पर जीत दर्ज की और तीसरे स्थान अपने नाम किया।

# धर्मशाला की टीम ने जीती इंटर कॉलेज फुटबाल चैंपियनशिप

## फाइनल मुकाबले में ऊना कॉलेज की टीम को 1-0 से हराया

...मर उजाला ब्यूरो

...र्मशाला।

...र्मशाला में इंटर कॉलेज फुटबाल ...पियनशिप के फाइनल में अभिनव ... गोल ने मेजबान टीम को जीत ...दलाई। धर्मशाला और ऊना कॉलेज ... बीच फाइनल खेला गया। मैच के ...सरे हॉफ के 39वें मिनट में ...भिनव जर्सी ने गोल दागा। इसके ...लावा दोनों टीमों का कोई भी खिलाड़ी गोल नहीं कर पाया। धर्मशाला ने ऊना से मैच 1-0 से जीत लिया। चैंपियनशिप में यूआईआईटी शिमला की टीम तीसरे स्थान पर रही है। समापन पर नगर निगम धर्मशाला की महापौर रजनी कुमारी मुख्यातिथि थीं। उन्होंने टीमों को सम्मानित किया। उपमहापौर देवेंद्र जग्गी विशेष अतिथि थे। धर्मशाला ने सेमीफाइनल में यूआईआईटी शिमला को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। सौरभ ने 16वें, उमंग ने 28वें और हेमंत ने 49वें मिनट में गोल किया। दूसरे सेमीफाइनल में ऊना ने सीमा कॉलेज को 2-1 से हराया। ऊना से गौरव ने चौथे और रजत ने 31वें मिनट में गोल दागे। तीसरे स्थान के लिए सीमा और यूआईआईटी के बीच खेले गए मैच के निर्धारित समय में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। निर्धारित समय में दोनों टीमों का स्कोर 0-0 रहा। मैच का परिणाम पेनल्टी शूटआउट से हुआ। यूआईआईटी शिमला ने सीमा कॉलेज को 6-5 से हराया। इस दौरान धर्मशाला कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसके पाठक, डीपीई नरेश मनकोटिया, डॉ. संजय गुप्ता, महिंद्र पाल, सपना बंटा, रंजीत ठाकुर, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. ध्यान सिंह, प्रो. प्रमोद पटियाल और प्रो. एलआरनेगी भी मौजूद रहे।



धर्मशाला में इंटर कॉलेज फुटबॉल चैंपियनशिप की विजेता टीम एक साथ।

अमर-उजाला 29/09/2016

(210)

दिव्य हिमाचल
6-10-16

खुशखबरी : महाविद्यालय में छात्रों के लिए दो नए कोर्स शुरू

# धर्मशाला कालेज में रिटेल मैनेजमेंट- टूरिज्म वोकेशनल डिग्री

■ स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला

**■ छात्रों को चार हजार 234 व छात्राओं को तीन हजार 224 रुपए फीस**

पीजी कालेज धर्मशाला में इस शैक्षणिक सत्र से दो नए वोकेशनल कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। कालेज में 14 अक्तूबर को रिटेल मैनेजमेंट और हास्पिटेलिटी एंड टूरिज्म विषयों में वोकेशनल डिग्री करवाई जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार 13 अक्तूबर तक आवेदन कर सकते हैं। कालेज में हर विषय में 40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा, जिसमें छात्रों को चार हजार 234 और छात्राओं को तीन हजार 224 रुपए फीस के रूप में चुकाने होंगे। सभी अभ्यर्थियों का चयन मैरिट के आधार पर 14 अक्तूबर को किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों ने वोकेशनल कोर्स के लिए आवेदन कर दिया है, उन छात्रों को अपने असली प्रमाण पत्रों के साथ 14 अक्तूबर को काउंसिलिंग के लिए कालेज में पहुंचना होगा। तीन साल की इस डिग्री में छह सेमेस्टर हैं, जिसमें एक साल तक पढ़ाई करने वाले छात्र को डिप्लोमा मिलेगा। दो साल तक पढ़ाई करने वाले को एडवांस डिप्लोमा और तीन साल तक पढ़ाई करने वाले को डिग्री प्रदान की जाएगी। जिन विद्यार्थियों के परिवार की सालाना आय दो लाख रुपए से कम होगी, उन्हें एक हजार रुपए कौशल विकास भत्ता भी प्रदान किया जाएगा। कालेज प्रिंसीपल एसके पाठक ने बताया कि जानकारी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट में अपलोड कर दी है।

पंजाब केसरी -07-10-16



## ब्रीफ न्यूज़



धर्मशाला : राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता के बाद मुख्यातिथि के साथ प्रतिभागी। (छाया)

पंजाब-केसरी 08/10/16

# सी.एस.सी.ए. ने ली रैगिंग के खिलाफ अभियान चलाने की शपथ

धर्मशाला, 7 अक्तूबर (पूजा): राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में सत्र 2016-17 के लिए गठित केंद्रीय छात्र कालेज संघ के सदस्यों को प्रधानाचार्य एस.के. पाठक द्वारा शपथ दिलाई गई। शुक्रवार को कालेज के प्रयास हॉल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में केंद्रीय छात्र कालेज संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा शैक्षणिक और अन्य खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में संदीप कुमार, रोवर्स एंड रेंजर लक्की चौहान, एन.सी.सी. रजित सिंह, एन.एस.एस. के पीयूष कुमार व ऋचा का चयन किया गया। केंद्रीय छात्र कालेज संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन कालेज के विद्यार्थियों व प्राध्यापकों की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य एस.के. पाठक ने नए चुने हुए पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद की गरिमा बनाए रखते हुए कालेज में रैगिंग के खिलाफ अभियान चलाने में सहयोग करने की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य एस.के. पाठक ने बताया कि आगामी 3 नवम्बर को कालेज के निर्माणाधीन सभागार का मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। इसके लिए भौतिक, रसायन, वनस्पति, शास्त्र, विज्ञान, संगीत, भूगोल व वाणिज्य विभागों में कम्प्यूटर व अन्य उपकरणों की व्यवस्था रूसा से प्राप्त अनुदान के माध्यम से की गई है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक वातावरण बनाने में केंद्रीय संगठन का महत्वपूर्ण योगदान रहता है व पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नई चुनी गई केंद्रीय छात्र परिषद कालेज प्रशासन के साथ कालेज में शांति बनाए रखने के लिए अपना पूरा सहयोग करेगी।

## केंद्रीय छात्र कालेज संघ की सूची

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में कालेज प्रशासन द्वारा अध्यक्ष नवदीप वर्मा, उपाध्यक्ष रुचिका, सचिव तमन्ना व संयुक्त सचिव नीरज को चुना गया। इसके अतिरिक्त प्राध्यापक सलाहकार परिषद में सपना बंटा, इंदु शर्मा, चारु शर्मा, शुभ्रा गुप्ता व के.एस. अत्री को चुना गया।

दैनिक - हिमाचल 08/10/2016

201

# धर्मशाला को नवंबर में मिलेगा ऑडिटोरियम

## मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह करेंगे उद्घाटन, महाविद्यालय में होंगी बड़ी प्रतियोगिताएं

■ नगर संवाददाता, धर्मशाला

पीजी कालेज धर्मशाला को आखिर कई सालों के लंबे इंतजार के बाद अब अपना ऑडिटोरियम मिल जाएगा। धर्मशाला कालेज के ऑडिटोरियम को छात्रों सहित स्मार्ट सिटी धर्मशाला की सुविधा के लिए नवंबर माह में शुरू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह तीन नवंबर को धर्मशाला सभागार का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े एवं ऐतिहासिक महाविद्यालय धर्मशाला में अब ऑडिटोरियम होने से सभी आयोजन हो सकेंगे। धर्मशाला कालेज में अब तक होल्ड हॉल और प्रयास भवन में ही कार्यक्रमों सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जा रही हैं। इतना ही नहीं वार्षिक पारितोषिक सहित इंटर कालेजों की प्रतियोगिताओं तक के लिए किराए पर ही पंडाल बनाया जाता है, जिसके कारण छात्रों-प्राध्यापकों सहित अभिभावकों और



विशेष अतिथियों को भी खूब परेशान होना पड़ता है। इतना ही नहीं हाईटेक तकनीक से साउंड प्रूफ बनाया गया है। जिससे अब पीजी कालेज धर्मशाला में बड़े आयोजन किए जाएंगे। धर्मशाला ऑडिटोरियम बनाने के लिए अढ़ाई करोड़ रुपए बजट का प्रावधान किया गया था। उसके बाद बजट समाप्त होने पर सभागार का काम अधर में ही लटक गया था। सीएम ने कालेज का निरीक्षण कर पांच करोड़ रुपए का बजट सभागार के लिए उपलब्ध करवाया था। अब सभागार बनकर छात्रों सहित लोगों की सुविधा के फाइनल रूप से तैयार किया जा रहा है।

" **तीन नवंबर को पीजी कालेज धर्मशाला के ऑडिटोरियम का मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा शुभारंभ किया जाएगा**

**प्रो. एसके पाठक**
प्रिंसीपल, धर्मशाला कालेज

पंजाब केसरी 15/10/16

# निदेशालय के हाथ में वोकेशनल डिग्री कोर्स शुरू करने का फैसला

### तय समय सीमा तक मात्र 25 आवेदन ही प्राप्त हुए

धर्मशाला, 14 अक्तूबर (नवीन): राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में 2 नए वोकेशनल डिग्री कोर्स आरंभ होंगे कि नहीं, अब इसका फैसला निदेशालय करेगा। धर्मशाला कालेज में तय समय सीमा तक आवेदन प्राप्त न होने के कारण ऐसा हुआ है। धर्मशाला कालेज प्रशासन की मानें तो अब निदेशालय को उक्त सूचना दी जाएगी कि उनके पास 25 आवेदन ही पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार धर्मशाला कालेज में इस शैक्षणिक सत्र से 2 नए वोकेशनल डिग्री कोर्स आरंभ किए जा रहे हैं। रिटेल मैनेजमैंट और हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म विषयों में 40-40 सीटें निर्धारित की गई हैं। उच्च शिक्षा निदेशालय के नियमों के अनुसार प्रत्येक विषय में कम से कम 25-25 आवेदन प्राप्त होने चाहिएं तभी यह कोर्स कालेज में आरंभ किया जाएगा। 13 अक्तूबर तक उक्त कोर्सिस के लिए आवेदन करने का समय निर्धारित किया था। 13 अक्तूबर तक 25 आवेदन ही दोनों कोर्सिस के लिए धर्मशाला कालेज को प्राप्त हुए हैं। शुक्रवार को काउंसलिंग प्रक्रिया अमल में लाई गई है।

" 13 अक्तूबर तक मात्र 25 आवेदन ही 2 कोर्स के लिए प्राप्त हुए हैं। निदेशालय को संबंधित सूचना दी जाएगी। अब निदेशालय ही फैसला करेगा कोर्सिस आरंभ होंगे कि नहीं।

**- एस.के. पाठक, प्रिंसीपल**
**धर्मशाला कालेज**

15/10/16 पंजाब केसरी

(202)

# नौ साल बाद ऑडिटोरियम

## धर्मशाला कालेज में सीएम ने किया उद्घाटन; 6.70 करोड़ खर्च

■ नगर संवाददाता, धर्मशाला

पीजी कालेज धर्मशाला को आखिर नौ वर्षों के बाद अपना ऑडिटोरियम मिल गया है। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में छह करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से निर्मित एक हजार व्यक्तियों के बैठने की क्षमता के सभागार का लोकार्पण किया। कालेज डटोरियम की अधारशिला मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने वर्ष 2007 में रखी थी। नौ वर्ष के लंबे अंतराल के बाद इसका निर्माण कार्य पूरा किया गया है। कालेज सभागार को धर्मशाला के नाम करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सभागार की आधारशिला भी स्वयं उन्होंने रखी थी, और अंततः एक उत्कृष्ट सभागार बनकर तैयार हुआ है। सरकार पीजी कालेज धर्मशाला को एक मॉडल कालेज के रूप में देखती है, और हमेशा ही इस कालेज की उन्नति एवं विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के प्रयास कर रही है।



ऑडिटोरियम बनने से बड़े आयोजन करवाए जाने की सभी परेशानियां समाप्त हो जाएंगी। दर्शकों के लिए लकड़ी की कुर्सियां लगाई गई है, जिन्हें अच्छे डिजाइन के साथ बनाकर ऑडिटोरियम में फीट किया गया है। इसके अलावा हाईटेक साउंड सिस्टम भी लगाया गया है।

### पहले कार्यक्रम में खूब जमा रंग

पीजी कालेज धर्मशाला के ओडिटोरियम में उद्घाटन कार्यक्रम में धर्मशाला के कलाकारों ने खूब रंग जमाया। कालेज के संगीत प्रभारी डा. सतीश ठाकुर ने अपनी संगीत की प्रस्तुति देकर मौजूद दर्शकों और अध्यापकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

दिव्य हिमाचल 18/11/16



धर्मशाला : पीजी कालेज के ऑडिटोरियम के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट करते शहरी विकास मंत्री सुधीर शर्मा

दिव्य हिमाचल 18/11/16



धर्मशाला : गुरुवार को एकदिवसीय दौरे के दौरान स्थानीय कालेज के नए ऑडिटोरियम में मंच पर उपस्थित मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह व अन्य गणमान्य

दिव्य हिमाचल 18/11/16

२०५

# राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के नाम तमगा

## उपलब्धि : महाविद्यालय को बनाया जाएगा एनसीसी की बटालियन

दैनिक जागरण 02/12/16

संवाद सहयोगी, धर्मशाला : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला को जल्द ही एनसीसी की बटालियन बनाया जाएगा। साथ ही कॉलेज को एनसीसी का आइडल इंस्टीट्यूट भी घोषित किया है। एनसीसी ग्रुप कमांडर शिमला ब्रिगेडियर ललित जोशी ने धर्मशाला कॉलेज का निरीक्षण किया।

उन्होंने कॉलेज में चल रही एनसीसी की गतिविधियों की बारीकी से जांच की। कॉलेज की एनसीसी में उपलब्धियों को देखते हुए उन्होंने इसे बटालियन बनाने के संकेत दे दिए हैं। इससे पूर्व प्रदेशभर में एनसीसी की केवल सोलन कॉलेज को ही बटालियन का दर्जा मिला है। ग्रुप कमांडर ने शिमला और धर्मशाला कॉलेज में दो नई बटालियन स्थापित करने की बात कही है। इसमें धर्मशाला कॉलेज को प्राथमिकता दी जाएगी। धर्मशाला कॉलेज में एनसीसी की बटालियन स्थापित होने से यहां पर एनसीसी की सीटें भी 100 से बढ़कर 200 हो जाएंगी।

वर्तमान में धर्मशाला कॉलेज में पांच एचपी आइ कंपनी धर्मशाला के तहत 89 एसडी कैडेट्स और 11 5 एचपी आई कंपनी एसडी ब्वॉयज 89, 11 एसडब्ल्यू कैडेट्स एनसीसी का प्रशिक्षण ले रही हैं। इसके अलावा 40 एसडब्ल्यू कैडेट्स सोलन बटालियन के तहत प्रशिक्षण ले रही हैं। धर्मशाला कॉलेज के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. रंजीत ठाकुर के मुताबिक ग्रुप कमांडर ने एनसीसी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंफास्ट्रक्चर और उपलब्धियों की सराहना की है। डॉ. रंजीत ठाकुर ने ग्रुप कमांडर को बताया कि कॉलेज में 33 लड़कों की वेकेंसी एनसीसी में हर साल निकलती है जबकि करीब 200 के करीब लड़के साक्षात्कार के लिए आते हैं। वहीं धर्मशाला कॉलेज से इस साल कैडेट्स दिग्विजय कमीशंड ऑफिसर बने हैं जबकि 18 कैडेट्स आर्मी और करीब आधा दर्जन कैडेट्स पुलिस में भर्ती हुए हैं। वीरवार को निरीक्षण के दौरान 5 एचपी आई कंपनी धर्मशाला के ओसी जेएस धालीवाल, सूबेदार राकेश जंबाल, ट्रेनिंग जेसीओ रमेश परमार, कॉलेज के अतिरिक्त प्राचार्य मीरा वालिया, डॉ. केएस अत्री और लेफ्टिनेंट डॉ. मोनिका मौजूद रहीं।

Ramesh

# धर्मशाला कालेज में जल्द बनेगी एन.सी.सी. बटालियन

पंजाब केसरी 02/12/16

धर्मशाला, 1 दिसम्बर (नवीन): राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला को जल्द ही एन.सी.सी. की बटालियन बनाया जाएगा। वीरवार को एन.सी.सी. ग्रुप कमांडर शिमला ब्रिगेडियर ललित जोशी ने धर्मशाला कालेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धर्मशाला कालेज में चल रही एन.सी.सी. की गतिविधियों की जांच की। कालेज में एन.सी.सी. की बटालियन स्थापित होने से एन.सी.सी. की सीटें 100 से बढ़कर 200 हो जाएंगी। वर्तमान में धर्मशाला कालेज में 5 एच.पी. (आई) कंपनी धर्मशाला के तहत 89 एस.डी. कैडेट्स और 115 एच.पी. आई कंपनी एस.डी. ब्वायज 89, 11 एस.डब्लयू. कैड्टस एन.सी.सी. का प्रशिक्षण ले रही है। वहीं 40 एस.डब्लयू. कैडेट्स सोलन वटालियन के तहत प्रशिक्षण ले रही हैं।

धर्मशाला कालेज के एन.सी.सी. आफिसर लेफ्टिनैंट डा. रंजीत ठाकुर ने बताया कि ग्रुप कमांडर ने निरीक्षण के दौरान ग्रुप कमांडर ने एन.सी.सी. आफिस का निरीक्षण किया। वहीं वहीं धर्मशाला कालेज को एन.सी.सी. का आईडल इंस्टीच्यूट भी घोषित किया। इस दौरान 5 एच.पी. (आई) कंपनी धर्मशाला के ओ.सी. जे.एस. धालीवाल, सूबेदार राकेश जंबाल, ट्रेनिंग जे.सी.ओ. रमेश परमार, कालेज के अतिरिक्त प्राचार्य मीरा वालिया, डा. के.एस. अत्री और लेफ्टिनेंट डा. मोनिका मौजूद रही।

दैनिक जागरण 15/12/16




## एथलेटिक्स व कबड्डी की विजेता

हमीरपुर व बिलासपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स और कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता खिलाड़ी धर्मशाला महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एसके पाठक व अन्य के साथ।

(संबंधित समाचार पेज तीन पर)

२०४

दैनिक जागरण
17/12/16



## प्रदेशभर में पाया तीसरा स्थान

धर्मशाला महाविद्यालय की टीम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव में एकांकी में प्रदेश भर में तीसरा स्थान हासिल किया। युवा महोत्सव का आयोजन हमीरपुर में किया गया। प्राचार्य प्रो. एसके पाठक के साथ विजेता टीम।

पंजाब केसरी
23/12/16

# रामानुज के गणित सिद्धांतों पर दिए व्याख्यान

धर्मशाला, 22 दिसम्बर (नवीन): राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के गणित विभाग ने विश्व प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज की जयंती पर प्रतियोगिता और व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य एस के. पाठक मुख्यातिथि रहे। इस कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के आए हुए लगभग 15 आचार्यों ने श्रीनिवास रामानुज के गणित सिद्धांतों, उपलब्धियों और जीवन पर अपने विचार प्रकट किए और व्याख्यान दिए। इनमें कांगड़ा महाविद्यालय के डा. नानक चंद ने रामानुज के जीवन पर व्याख्यान दिया, जबकि बागवानी एवं वानिकी यूनिवर्सिटी नौणी से आए डा. अमित ने विश्व में भारतीय गणितज्ञों के योगदान पर प्रकाश डाला। शाहपुर महाविद्यालय से आए हुए डा. सुरेश राणा, पालमपुर महाविद्यालय के डा. बलराज, डा. अमित व बैजनाथ कालेज के डा. संजीव देहरी ने भी गणितज्ञ रामानुज के शैक्षणिक कार्यों पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर गणित विभाग के छात्रों ने भी इसमें भाग लिया और अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर डा. महेंद्र पाल, डा. अरविंद चौधरी, डा. के.एस. अत्री, डा. रविंद्र गिल, डा. सतीश ठाकुर और डा. ध्यान सिंह आदि प्रोफैसर मौजूद रहे।

दिव्य हिमाचल
14/02/17

# अब कालेजों में मूर्ति बनाना सीखेंगे छात्र

■ पवन कुमार शर्मा, धर्मशाला



■ प्रदेश में पहली बार, धर्मशाला मंडी कालेज में अगले सत्र से होगी शुरुआत

अब हिमाचली छात्र कालेजों में मूर्ति कला की पढ़ाई भी कर सकेंगे। प्रदेश विश्वविद्यालय ने धर्मशाला व मंडी कालेजों में मूर्ति कला की पढ़ाई करवाने के लिए अगले शैक्षणिक सत्र से यह विषय शुरू करने का निर्णय लिया है। इससे हिमाचली संस्कृति व विलुप्त होती पुरातन मूर्ति कला को भी नए पंख लगेंगे। देवभूमि पहले ही धातु और पत्थर की मूर्तियों की कारीगरी का बड़ा केंद्र रहा है। कालेजों में यह विषय शुरू होने के बाद नई पीढ़ी को हुनर दिखाने का मौका मिल पाएगा। इससे पूर्व छात्र रूटीन के विषयों पर ही अध्ययन कर पाते थे। रूसा के तहत महाविद्यालयों में नए एवं छात्र उपयोगी विषय भी शुरू होने लगे हैं। फाइन आर्ट के साथ मूर्ति कला पहली बार शुरू होने जा रही है। हालांकि इस तरह के विषय बहुत पहले पढ़ाए जाने चाहिए थे, लेकिन देरी से शुरू हुआ प्रयास भी युवा पीढ़ी के लिए नई दिशा देने वाला साबित हो सकता है। प्रदेश के सैकड़ों युवक-युवतियों को उनकी रुचिकर विषय भी कालेजों में पढ़ाए जाएंगे। अब तक हिमाचल के कालेजों में इस तरह के विषय मात्र प्रदर्शनी और यूथ फेस्टिवल के दौरान ही समझाए व बताए जाते थे, लेकिन इस नई पहल से युवाओं को ऐसे विषयों को नियमित अध्ययन करने का मौका मिल पाएगा। शिक्षाविद मानते हैं कि देवभूमि में मूर्तिकला पर शोध के भी कई मार्ग खुलेंगे।

## धर्मशाला में डा. मिथुन नियुक्त

देश के सबसे पुराने व बड़े कालेजों में शुमार धर्मशाला कालेज में इस विषय को पढ़ाने के लिए डा. मिथुन कुमार दत्ता की नियुक्ति हुई है। डा. मिथुन देश के नामी विश्वविद्यालय बनारस से मूर्ति कला में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। वर्ष 2007 में वह ललित कला अकादमी के नेशनल अवार्डी भी हैं। डा. मिथुन की धातु और पत्थर की मूर्तियों को तराशने में विशेषज्ञता है। उनका कहना है कि कांगड़ा घाटी सहित देवभूमि की धार्मिक मूर्ति कला, समकालीन मूर्ति कला की बारीकियों को समझते हुए उसे छात्रों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि मूर्ति कला के माध्यम से मूर्तिकार समाज को कई संदेश दे सकता है।